माय भारत

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः—रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 2082 — 2082 दिनांकः—04.04.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
बरेली, मण्डल के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः—100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी के प्रचार—प्रसार के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के पत्र संख्या स0 32—55 / रा0से0यो0 / क्षे. नि / लख / 2026—27 / 158—241, दिनांक 02 अप्रैल, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2026 को (विश्व टी0बी0 दिवस) से 100 दिवसीय टी0बी0 मुक्त भारत अभियान के शुभारम्भ के सम्बन्ध में है। इस अभियान में टी0बी0 उन्मूलन के लिए सरकार और समाज के समग्र सहयोग की परिकल्पना की गई है, जिसमें युवा मामलों और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना को सक्रिय भागीदारी निभाते हुए निम्नलिखित गतिविधियों को आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

1. रा0से0यो0 स्वयंसेवक और सम्बन्धित संस्था का नि—क्षय मित्र के रूप में पंजीकरण सुनिश्चित करते हुए मनो—सामाजिक सहायता प्रदान करने और अभियान की गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना।
2. आई0ई0सी0 मटेरियल (सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री) का उपयोग करते हुए समस्त रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के विषय में जनजागरूकता करना।
3. रासेयो से सम्बद्ध समस्त संस्थानों में आयोजित होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों के दौरान नि—क्षय शपथ प्रतिज्ञा का आयोजन करना।
4. रा0से0यो0 इकाई एवं संस्थान के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीबी जागरूकता संदेशों का प्रसार करना।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों की रा0से0यो0 इकाईयों के माध्यम से 100 दिवसीय टी0बी0 मुक्त भारत अभियान में सक्रिय भागदारी निभाते हुए उपरोक्तानुसार गतिविधियां आयोजित कराना सुनिश्चित करें, तथा उक्त कार्यक्रम की आख्या / रिपोर्ट (फोटो ग्राफ्स एवं पेपर कटिंग सहित) इस कार्यालय की ई—मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com, पर भेजना सुनिश्चित करें। साथ ही आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का माय भारत पोर्टल पर इवेंट क्रिएट करते हुए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवश्य रूप से अपलोड करने का करें।

संलग्नक—यथोक्त।

भवदीय

(डॉ0 राजीव कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0—1 सेक्टर—एच, अलीगंज लखनऊ। 226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0 उच्च शिक्षा विभाग कक्ष संख्या—55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ। 226001
3. कुलसचिव के संज्ञानार्थ।
4. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना